प्रेस नोट थाना गीडा जनपद गोरखपुर दिनांक 14.11.2023

हत्या का अपराध कारित करने के आरोप में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटर साइकिल व 1 अदद कुल्हाडी बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा हत्या संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह थाना गीडा के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 700/2023 धारा 302/201/34 भा0द0सं0 से संबंधित अभियुक्त 1.सिकन्दर पुत्र शिवलाल निवासी पिपरी थाना गीडा जनपद गोरखपुर 2. उपेन्द्र पुत्र शिवलाल निवासी पिपरी थाना गीडा जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व कुल्हाड़ी को बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

वर्ष 2011 में अभियुक्त की बहन एवं अभियुक्त उपेन्द्र को मृतक उमेश द्वारा पेट्रोल फेंककर आग लगा दिया गया था जिससे उपेन्द्र और उसकी बहन आग में झुलस गये थे, इसी घटना में अभियुक्त की बहन की मृत्यु हो गयी थी, परन्तु उपेन्द्र बच गया था। इस बात को लेकर उपेन्द्र और उसका भाई सिकन्दर बचपन से ही अपना और अपनी बहन के साथ हुई घटना का प्रतिशोध लेना चाहते थे। इसी क्रम में अभियुक्तों ने योजनाबद्ध तरीके से दीपावली की रात्रि को उमेश को घर से बाहर बुलाकर उसकी कुल्हाड़ी से गला काट कर हत्या कर दी और मृतक उमेश के शव को बाघागाड़ा पुल से राप्ती नदी में गहरे पानी में फेंक दिया। मृतक के शव को स्थानीय गोतखोरों एवं एन.डी.आर.एफ टीम की मदद से खोजने का प्रयास किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता -

1. सिकन्दर पुत्र शिवलाल निवासी पिपरी थाना गीडा जनपद गोरखपुर
2. उपेन्द्र पुत्र शिवलाल निवासी पिपरी थाना गीडा जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 700/2023 धारा 302/201/34 भा0द0सं0 थाना गीड़ा जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

घटना मे प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाईकिल व 01 अदद कुल्हाडी बरामद

गिरफ्तारी की टीम-

1.थानाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह थाना गीडा जनपद गोरखपुर
2.वरि0उ0नि0 शिवप्रकाश सिंह थाना गीडा जनपद गोरखपुर
3.उ0नि0 सुरेश कुमार यादव थाना गीडा जनपद गोरखपुर
4.उ0नि0 सुधांशु सिंह चौकी प्रभारी नौसड थाना गीडा जनपद गोरखपुर
5.का0 विरेन्द्र सिंह यादव थाना गीडा जनपद गोरखपुर
6.का0 रोहित कुमार थाना गीडा जनपद गोरखपुर
7. का0 विकास यादव थाना गीडा जनपद गोरखपुर